**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे)** : (क) से (ग). बहुत बड़ी संख्या में चीतों के मारे जाने के बारे में भारत सरकारको कोई जानकारी नहीं है। "वन्य पशुओं तथा पक्षियों की रक्षा" राज्य का विषय है और राज्यों ने पहले ही ऐसा अधिनियम बनाया हुआ है जिसके अन्तर्गत वन्य क्षेत्रों में चीतों का मारना नियंत्रित किया जाता है ।

### उद्यान विज्ञान की संस्था

177. **श्री बसवन्त :**
**श्री इसहाक साम्भली :**

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में उद्यान विज्ञान की संस्था स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो इससे क्या-क्या लाभ होंगे; और

(ग) इसकी स्थापना के स्थान के बारे में निर्णय किस आधार पर किया जायेगा ?

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे)**: (क) जी हां ।

(ख) इस संस्थान में संकर प्रजनन द्वारा फलों, सब्जियों तथा सजावट के पौधों में सुधार करने के लिए अनुसन्धान किये जायेंगे । उनके उत्पादन में सुधार करने के लिए कृषि विषयक तकनीकों तथा रोग नियन्त्रण के बारे में मानकीकरण के कार्य किये जायेंगे । इन अध्ययनों से देश को और विशेषकर दक्षिणी भागों को बड़ा लाभ होगा ।

(ग) यह संस्थान बंगलौर (मैसूर राज्य) से 16 मील दूर हैसरघाटा में स्थापित किया जायेगा । मैसूर सरकार ने इसके लिए 62 एकड़ नैशनल हार्टीरियन तथा 500 एकड़ और उपजाऊ भूमि को हस्तान्तरण करना मान लिया है । यहां की जलवायु सब्जियां, सजावटी पौधों तथा अंगूर, आम, केला, सपोटा, लीची तथा अमरूद आदि के उत्पादन के लिए बड़ी अच्छी है । उपरोक्त बातों को दृष्टि में रख कर ही संस्थान के स्थान का निर्णय किया गया है ।

### कृषि विश्वविद्यालय

178. **श्री मृत्युंजय प्रसाद** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि प्रत्येक राज्य में कम से कम एक कृषि विश्वविद्यालय स्थापित करने का निर्णय कर लिया गया है; और

(ख) यदि भाग (क) का उत्तर स्वीकारात्मक है तो अब तक किन-किन राज्यों में किन-किन स्थानों पर वे विश्वविद्यालय स्थापित किये गये हैं ?

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे)**: (क) शिक्षा आयोग (1964—66) ने सिफारिश की है कि प्रत्येक राज्य में कम से कम एक कृषि विश्वविद्यालय होना चाहिए । कृषि शिक्षा सम्बन्धी स्टैंन्डिग कमेटी ने भी इस विचार की पुष्टि की है । सरकार इन विश्वविद्यालयों की स्थापना में राज्यों को पूरा सहयोग देगी ।

(ख) अब तक 8 कृषि विश्वविद्यालय